सघन मिशन इंद्रधनुष 4.0 अभियान

चर्चा में क्यों?

11 फरवरी, 2022 को राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जयपुर में सघन मिशन इंद्रधनुष 4.0 टीकाकरण अभियान का आरंभ किया गया।

प्रमुख बिंदु

- इस अभियान में 0 से 2 वर्ष तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जा रहा है।
- सघन मिशन इंद्रधनुष 4.0 टीकाकरण अभियान के प्रथम चरण में जयपुर ज़िले के करीब 487 बच्चों और 114 गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है।
- इन बच्चों को नौ तरह की बीमारियों से बचाने के लिये बीसीजी, पोलियो, हेपेटाइट्स बी, पेंटावेलेंट, एफआईपीवी, आरवीवी, पीसीवी तथा एमआर के टीके लगाए जा रहे हैं।
- इस अभियान के अंतर्गत उन बच्चों को शामिल किया गया है, जो नियमित टीकाकरण से किसी भी कारणवश वंचित रह जाते हैं। इसी प्रकार नियमित टीकाकरण से वंचित गर्भवती महिलाओं को टीडी-1, टीडी-2 व बूस्टर टीडी के टीके लगाए जा रहे हैं।
- सघन मिशन इंद्रधनुष 4.0 टीकाकरण अभियान 209 सत्रों में आयोजित किया जा रहा है।
- इसका प्रथम चरण 13 फरवरी, 2022 तक संचालित होगा। इसके बाद अभियान का दूसरा चरण 7 मार्च से 13 मार्च, 2022 तक, तीसरा चरण 4 अप्रैल से 10 अप्रैल, 2022 तक संचालित किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/intensive-mission-indradhanush-4-0-campaign